# धर्म सनातन उत्तम है डंके की चोट पर कहता हूँ

धर्म सनातन उत्तम है
डंके की चोट पर कहता हूँ
में श्री राम का सेवक हूँ
भगवे के रंग में रहता हूँ

ये भारत देश है जान मेरी
और भगवा है शान मेरी
ये सारी दुनिया जानती है
श्री राम से ही पहचान मेरी
मैंने जनम लिया जिस मिट्टी में
मैं उसको माता कहता हूँ
में श्री राम का सेवक हूँ
भगवे के रंग में रहता हूँ

दुनिया में सबसे पहले
मेरा धर्म सनातन है
मेरे भारत में चलता
श्री रामचंद्र का शाशन है
बजरंगवली के जैसे ही
प्रभु राम के गुण में गाता हूँ
में श्री राम का सेवक हूँ
भगवे के रंग में रहता हूँ

मेरे भारत के जैसा ना
प्यार कहीं देखा जग में
युगों युगों से प्रभु राम का
नाम हमारी रग रग में
कृष्ण सांवरा' साथ 'सलीम' के
राम राम ही कहता हूँ
मैं श्री राम का सेवक हूँ
भगवे के रंग में रहता हूँ